2020/00028

फर्द अहकाम
(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
शिवप्रताप सिंह पुत्र श्री दलवीर सिंह जाति राजपुत निवासी भैसवाडा तहसील आहोर जिला जालोर		सरकार जरिये तहसीलदार आबूरोड

किस्म मुकदमा– **प्रार्थना–पत्र धारा 81 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956**

मुकदमा नं. 5 वर्ष 2020

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
1.03.2020	प्रार्थी ने यह प्रार्थना–पत्र राजस्थान **राजस्थान भू राजस्व अधिनियम** 1956 की धारा 81 के तहत तहसीलदार आबूरोड द्वारा द्वारा मौजा ढुढांई के खसरा संख्या 143/4 रकबा 10400 वर्गफिट पर निर्माण करने से मुकदमा संख्या 43/2019 में पारित आदेश दिनांक 14.2.2020 के विरूद्ध अपील के साथ साथ प्रस्तुत किया। जिस पर प्रार्थी अधिवक्ता श्री प्रमोद कुमार दवे एवं श्री दिनेश अग्रवाल की एकपक्षीय बहस सुनी गई सुविधा का संतुलन प्रार्थी के पक्ष में नही होने से एक पक्षीय स्थगन आदेश जारी करना उचित प्रतीत नही होता है। प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर होकर अप्रार्थी को नोटिस जारी कर अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख तलब होकर पत्रावली दिनांक 23.03.2020 को पेश हो । जिला कलक्टर, सिरोही	

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.01.12 16:44:59 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner

22.07.2020 कोविड–19 के कारण मुर्करर पेशी पर पत्रावली आज पेश हुई ।अपीलांट अधिवक्ता एवं पेरोकार सरकार उपस्थित । दोनो पक्षो की बहस सुनी गई । पत्रावली वास्ते निर्णय दिनांक 28.07.2020 को पेश हो ।

जिला कलक्टर, सिरोही

28.07.2020 अपीलांट अधिवक्ता एवं पेरोकार सरकार उपस्थित । अपीलांट की अपील रिमाण्ड किये जाने का विस्तृत निर्णय अलग से लिखाया जाकर शामिल मिसल कर सरे ईजलास सुनाया गया। अतः इस स्थगन प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से इसी स्तर पर खारिज किया जाता हैं । निर्णय सरे इजलास सुनाया गया । पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो ।

(भगवती प्रसाद)
जिला कलक्टर, सिरोही

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.01.12 16:44:59 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner